Prepp
Your Personal Exams Guide

Q1 उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरी संख्या से उसी प्रकार से संबंधित है, जिस प्रकार से दूसरी संख्या पहली संख्या से संबंधित है।

72 : 9 :: 136 : ?

(A) 12

(B) 15

(C) 17

(D) 18

Q2 उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार से संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।

काहिरा : मिस्र :: पेरिस : ?

(A) जर्मनी

(B) फ्रांस

(C) इंग्लैंड

(D) इटली

Q3 उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे पद से उसी प्रकार से संबंधित है, जिस प्रकार से दूसरा पद पहले पद से संबंधित है।

पानी का जहाज : कप्तान :: हवाई जहाज : ?

(A) तेज

(B) अंतरिक्ष

(C) ड्राइवर

(D) पायलट

Q4 एक निश्चित कूट भाषा में, 'TRAINING' को '8' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में 'TRAINER' को किस प्रकार से कूटबद्ध किया जाएगा?

(A) 6

(B) 7

(C) 8

(D) 9

Prepp Your Personal Exam Guide

Q5 एक निश्चित कूट भाषा में, 'PIN' को '39' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में 'SIN' को किस प्रकार से कूटबद्ध किया जाएगा?

(A) 42

(B) 36

(C) 30

(D) 45

Q6 एक निश्चित कूट भाषा में, 'PHYSICS' को 'NFWQGAQ' लिखा जाता है।उसी कूट भाषा में 'CHEMISTRY' किस प्रकार से लिखा जाएगा?

(A) AJCKGQRPW

(B) AFCKGQRPW

(C) EJGOKUVTA

(D) DIFNJTUSZ

Q7 बिना किसी अन्य धारणा के और केवल नीचे दी गई जानकारी के आधार पर घटना A और घटना B दोनों के बीच संबंधों के सही स्वरुप का आकलन करें।

**घटना A :** सारा अपने मित्र पुनीत के घर पर उसके माता–पिता से मिलने गई।

**घटना B :** पुनीत के माता–पिता लंबे समय से बीमार चल रहे थे।

(A) घटना A प्रभाव है और घटना B इसका तात्कालिक और प्रमुख कारण है।

(B) घटना B प्रभाव है और घटना A इसका तात्कालिक और प्रमुख कारण है।

(C) घटना A प्रभाव है लेकिन घटना B इसका तात्कालिक और प्रमुख कारण नहीं है।

(D) घटना B प्रभाव है लेकिन घटना A इसका तात्कालिक और प्रमुख कारण नहीं है।

Q8 दिए गए कथन पर विचार करें और निर्णय लें कि दी गई धारणाओं में से कौन सी धारणा/धारणाएँ, कथन में निहित है/हैं।

**कथन:**

एक पिता ने अपने पुत्र से कहा, ''विदेश में नौकरी करने का निर्णय लेने से पहले एक बार मुझसे परामर्श कर लेना''।

**धारणाएँ:**

I. पिता चाहते है कि उनका पुत्र विदेश जाए।

II. अगर पुत्र अपने पिता से सलाह नहीं लेता है तो वह गलत फैसला कर सकता है।

(A) केवल धारणा I निहित है।

(B) केवल धारणा II निहित है।

(C) धारणा I और II दोनों ही निहित हैं।

(D) धारणा I और II दोनों ही निहित नहीं हैं।

Prepp Your Personal Exams Guide

Q9 नीचे चार शब्द दिए गए हैं, इनमें से तीन शब्द आपस में किसी न किसी प्रकार से समान हैं, जबकि एक शब्द भिन्न है। भिन्न शब्द का चयन करें।

(A) बाघ

(B) शेर

(C) भेड़

(D) तेंदुआ

Q10 चार अक्षरांकीय समूह दिए गए हैं, जिनमें से तीन आपस में किसी न किसी प्रकार से समान हैं और चौथा भिन्न है। भिन्न अक्षरांकीय समूह का चयन करें।

(A) A1

(B) E5

(C) U21

(D) P12

Q11 उस अक्षर का चयन करें जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न–चिन्ह (?) को प्रतिस्थापित कर सकता है।

A, Z, ?, Y, C, X

(A) B

(B) T

(C) V

(D) S

Q12 उस वर्ण–समूह का चयन करें जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न–चिन्ह (?) को प्रतिस्थापित कर सकता है।

LUNA, ALUN, NALU, ?

(A) LAUN

(B) NAUL

(C) UNAL

(D) UALN

Q13 उस संख्या का चयन करें जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) को प्रतिस्थापित कर सकता है।

92, 137, 182, 227, 272, ?

(A) 400

(B) 317

(C) 350


(D) 345

Q14 दिए गए पैटर्न का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और उस संख्या का चयन करें जो इसमें दिए गए प्रश्न चिह (?) को प्रतिस्थापित कर सकती है।




(A) 2
(B) 4
(C) 5
(D) 6

Q15 दिए गए पैटर्न का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और उस संख्या का चयन करें जो इसमें दिए गए प्रश्न चिह (?) को प्रतिस्थापित कर सकती है।





(A) 2
(B) 8
(C) 10
(D) 15


Q16 यदि '–' का अर्थ 'जोड़ना' है, '×' का अर्थ 'घटाना' है और '/' का अर्थ 'गुणा करना' है, तो निम्नलिखित व्यंजक का मान क्या होगा?

$\{(4 \times 2) - (3/2)\}$


(A) 2
(B) 6
(C) 8
(D) 9

Q17 निम्नलिखित वर्गों के बीच संबंध का सर्वोत्तम निरूपण करने वाले वेन आरेख का चयन करें:
सेब, आम, फल


(A) 


(B) 

(C) 


(D) 

Q18 निम्नलिखित वर्गों के बीच संबंध का सर्वोत्तम निरूपण करने वाले वेन आरेख का चयन करें:
बाघ, तोता, डॉल्फिन

(A) 

(B) 


(C) 


(D) 


Your Personal Exams Guide

Q19 निम्नलिखित वर्गों के बीच संबंध का सर्वोत्तम निरूपण करने वाले वेन आरेख का चयन करें:
बेसबॉल, फुटबॉल, खेल


(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

Q20 यदि दर्पण को AB रेखा पर रखा जाता है, तो दी गई आकृति की सही दर्पण छवि कौन सी होगी?




(A) 

(B) 


(C) 

(D) 

Q21 दी गई आकृति की सही जलीय छवि दर्शाने वाले विकल्प का चयन करें?

**CARPENTER**


(A) 


(B) 


(C) 

(D) 


Q22 नीचे एक बिना मुड़े हुए घन की आकृति दर्शाई गई है। इस बिना मुड़ी हुई घन आकृति को मोड़ने पर नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन सी आकृति बनेगी?



(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

prepp
Your Personal Exam Guide

Q23 एक महिला उत्तर की ओर 18 m चली। इसके बाद वह बाएँ मुड़ी और 15 m चली। अब वह फिर से बाएँ मुड़ी और 13 m चली। महिला अब किस दिशा के सम्मुख खड़ी है?

(A) पूर्व
(B) पश्चिम
(C) उत्तर
(D) दक्षिण

Q24 एक आदमी 28 m उत्तर की ओर चला। अब वह दाएँ मुड़ा और 11 m चला। वह एक बार फिर से दाएँ मुड़ा और 12 m चला। इसके बाद वह बाएँ मुड़ा और 23 m चला। आदमी अब किस दिशा के सम्मुख खड़ा है?

(A) पूर्व
(B) पश्चिम
(C) उत्तर
(D) दक्षिण

Q25 A, B, C, D, E और F एक ही परिवार के सदस्य हैं। F, E की बहन है। B, D का पिता है। A, C की माँ है। E, B और A की माँ है। E का C से क्या संबंध है?

(A) दादी / नानी
(B) चाची / मौसी / मामी / ताई / बुआ
(C) बहन
(D) बेटी

Q26 दिए गए कथन और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथन में दी गई जानकारी पूरी तरह से सत्य है, भले ही यह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से अलग हो, यह निर्णय लें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा / कौन से निष्कर्ष कथन का अनुसरण करता है / हैं।

**कथन:** केवल कुछ अग्निशमन कर्मचारी महिलाएँ हैं।

**निष्कर्ष:**

(i) सभी महिलाएँ अग्निशमन कर्मचारी हैं।
(ii) कुछ अग्निशमन कर्मचारी महिलाएँ नहीं हैं।

(A) केवल निष्कर्ष (i) अनुसरण करता है।
(B) केवल निष्कर्ष (ii) अनुसरण करता है।
(C) निष्कर्ष (i) और निष्कर्ष (ii) दोनों अनुसरण करते हैं।
(D) न तो निष्कर्ष (i) और न ही निष्कर्ष (ii) अनुसरण करता है।

Q27 दिए गए कथन और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथन में दी गई जानकारी पूरी तरह से सत्य है, भले ही यह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से अलग हो, यह निर्णय लें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/कौन से निष्कर्ष कथन का अनुसरण करता है/हैं।

**कथन**: सभी नर्तक अच्छे इंसान हैं

**निष्कर्ष**:
(i) कुछ अच्छे इंसान नर्तक हैं।
(ii) सभी अच्छे इंसान नर्तक हैं।

(A) केवल निष्कर्ष (i) अनुसरण करता है।
(B) केवल निष्कर्ष (ii) अनुसरण करता है।
(C) निष्कर्ष (i) और निष्कर्ष (ii) दोनों अनुसरण करते हैं।
(D) न तो निष्कर्ष (i) और न ही निष्कर्ष (ii) अनुसरण करता है।

Q28 नीचे एक प्रश्न और उसके बाद दो तर्क दिए गए हैं। निर्धारित करें कि प्रश्न के संदर्भ में कौन सा/कौन से तर्क मजबूत है/हैं।

**प्रश्न**: क्या विद्यालयों को स्कूलों की सफाई के काम में विद्यार्थियों को लगाना चाहिए?

**तर्क I**: हाँ, विद्यालयों को छात्रों के ऊपर अपने नियंत्रण और शक्ति का उपयोग करना चाहिए।
**तर्क II**: नहीं, यह छात्रों के शैक्षिक अध्ययन के लिए आवंटित समय को प्रभावित करेगा।

(A) केवल तर्क I मज़बूत है।
(B) केवल तर्क II मज़बूत है।
(C) या तो तर्क I या तर्क II मज़बूत हैं।
(D) तर्क I और II दोनों ही मज़बूत नहीं हैं।

Q29 नीचे एक प्रश्न और उसके बाद दो तर्क दिए गए हैं। निर्धारित करें कि प्रश्न के संदर्भ में कौन सा/कौन से तर्क मजबूत है/हैं।

**प्रश्न**: क्या सरकार को गर्मियों के मौसम में सूती कपड़ों के अलावा अन्य कपड़ों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाना चाहिए?

**तर्क I**: हाँ, गर्मी के दिनों में सूती कपड़े हमारे शरीर को अधिकतम ठंडक प्रदान करते हैं।
**तर्क II**: नहीं, नागरिकों को किसी भी मौसम में किसी भी प्रकार के कपड़े पहनने का अधिकार है।

(A) केवल तर्क I मज़बूत है।
(B) केवल तर्क II मज़बूत है।
(C) या तो तर्क I या तर्क II मज़बूत हैं।
(D) तर्क I और II दोनों ही मज़बूत नहीं हैं।

Prepp Your Personal Exams Guide

Q30 दिए गए विकल्पो में से उस संख्या का चयन करें जो संख्याओं के दिए गए समूह से संबंधित है।
2, 3, 5
(A) 11
(B) 14
(C) 21
(D) 25

Q31 Windows 10 किस वर्ष में लॉन्च किया गया था?
(A) 2014 में
(B) 2015 में
(C) 2016 में
(D) 2017 में

Q32 जीयूआई (GUI) आधारित ऑपरेटिंग सिस्टम में, यूजर इंटरफेस निम्नलिखित में से किसका इस्तेमाल **नहीं** करता है?
(A) कलर
(B) आइकॉन्स
(C) मेनूज
(D) ग्राफ्स

Q33 WYSIWYG का पूरा नाम निम्नलिखित में से कौन सा है:
(A) What You See Is Why You Get
(B) Why You See Is When You Get
(C) What You Saw Is Why You Get
(D) What You See Is What You Get

Q34 निम्नलिखित में से कौन एक इंटरनेट ब्राउज़र है?
(A) ओपेरा
(B) टिंडर
(C) पिकासा
(D) फ़्लिकर

Q35 इन्टरनेट ब्राउजर में कोई पेज दोबारा लोड करने के लिए ___________ बटन का उपयोग किया जाता है।
(A) रिलोड
(B) रिफ्रेश
(C) रिसर्च
(D) फारवर्ड

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q36 ऑनलाइन स्रोतों से डेटा या फाइल को स्थानीय कंप्यूटर पर स्थानांतरित करने की प्रक्रिया को क्या कहा जाता है?

(A) बुकमार्क
(B) कास्ट
(C) ड्रॉपबॉक्स
(D) डाउनलोड

Q37 निम्नलिखित में से विश्व का पहला ग्राफिकल इंटरनेट ब्राउजर कौन सा है?

(A) इंटरनेट एक्सप्लोरर
(B) एर्विस
(C) क्रोम
(D) सफ़ारी

Q38 EEPROM का पूरा नाम निम्नलिखित में से कौन सा है?

(A) Electrically Erasable Procedural Read-Only Memory (इलेक्ट्रिकली इरेज़ेबल प्रोसीजरल रीड–ओन्ली मेमोरी)
(B) Electrically Erasable Programmable Read-Only Memory (इलेक्ट्रिकली इरेज़ेबल प्रोग्रामेबल रीड–ओन्ली मेमोरी)
(C) Electrically Efficient Programmable Read-Only Memory (इलेक्ट्रिकली एफिशिएंट प्रोग्रामेबल रीड–ओन्ली मेमोरी)
(D) Electrically Erasable Programmatic Read-Only Memory (इलेक्ट्रिकली इरेज़ेबल प्रोग्राममैटिक रीड–ओन्ली मेमोरी)

Q39 2 GB निम्नलिखित में से कितनी होता है?

(A) $2 \times 1024 \times 1024 \times 1024$ Bytes
(B) $2 \times 1024 \times 1024$ Bytes
(C) $2 \times 1022 \times 1022 \times 1022$ Bytes
(D) $2 \times 1022 \times 1022$ Bytes

Q40 निम्नलिखित में से कौन सी मेमोरी नहीं है?

(A) कैश
(B) रैम
(C) ए.एल.यू
(D) रोम

Q41 सीपीयू (CPU) में सीएमओएस (CMOS) चिप का उद्देश्य क्या होता है?

(A) ऑपरेटिंग सिस्टम और मदरबोर्ड के बीच इंटरफेस
(B) सिस्टम की सूचनाएँ जैसे कि समय और तिथि को सहेजता है
(C) कंप्यूटर के सभी आंतरिक भागों को पावर देता है
(D) आंतरिक भागों को अधिक गर्म होने से बचाता है

Q42 निम्नलिखित में से कौन एक इनपुट डिवाइस है?
(A) स्पीकर
(B) प्रोजेक्टर
(C) लाइट पेन
(D) प्लॉटर

Q43 बैंकिंग उद्योगों में, चेक सत्यापित करने के लिए निम्नलिखित में से किस इनपुट डिवाइस का उपयोग किया जाता है?
(A) OCR
(B) OMR
(C) MICR
(D) Card reader (कार्ड रीडर)

Q44 बिंदुओं (डॉट्स) के विन्यास द्वारा मॉनीटर पर निर्मित छवि (इमेज) ________ भी कहलाती है।
(A) पिक्सेल
(B) डॉट–मैप
(C) डॉट–पिच
(D) डॉट–रेट

Q45 निम्नलिखित में से कौन एक सॉफ्ट कॉपी आउटपुट डिवाइस **नहीं** है?
(A) मॉनीटर
(B) विजुअल डिस्प्ले टर्मिनल
(C) प्लॉटर
(D) वीडियो सिस्टम

Q46 ___________ इम्पैक्ट प्रिंटर **नहीं** होता है।
(A) डॉट मैट्रिक्स प्रिंटर
(B) ड्रम प्रिंटर
(C) डेज़ी व्हील प्रिंटर
(D) लेजर प्रिंटर

Q47 मॉनीटर की ऊर्ध्व लंबाई का उसकी क्षैतिज लंबाई से जो संबंध है उसे क्या कहते हैं?
(A) डॉट पिच
(B) रिजोल्यूशन
(C) एस्पेक्ट रेशियो
(D) साइज़

Q48 फ़ाइल बनाना ऑपरेटिंग सिस्टम के _________ प्रबंधन कार्य (मैनेजमेंट फ़ंक्शन) का भाग होता है।
(A) स्मृति (मेमोरी)
(B) प्रक्रिया (प्रोसेस)
(C) फ़ाइल
(D) सुरक्षा (सिक्योरिटी)

Q49 निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प ऑपरेटिंग सिस्टम का एक कार्य **नहीं** है?
(A) स्मृति प्रबंधन (मेमोरी मैनेजमेन्ट)
(B) प्रक्रिया प्रबंधन (प्रोसेस मैनेजमेन्ट)
(C) फ़ाइल प्रबंधन (फ़ाइल मैनेजमेन्ट)
(D) डेटाबेस प्रबंधन (डेटाबेस मैनेजमेन्ट)

Q50 निम्नलिखित में से कौन एक कंप्यूटर ऑपरेटिंग सिस्टम नहीं है?
(A) एंड्रॉयड
(B) सिम्बियन OS
(C) फायर फॉक्स
(D) iOS (आईओएस)

Q51 पाम ओएस (Palm OS) किस प्रकार के कंप्यूटर ऑपरेटिंग सिस्टम का एक उदाहरण है?
(A) सिंगल–टास्किंग ऑपरेटिंग सिस्टम
(B) मल्टी–टास्किंग ऑपरेटिंग सिस्टम
(C) मल्टी–यूजर ऑपरेटिंग सिस्टम
(D) मल्टी–थ्रेडिंग ऑपरेटिंग सिस्टम

Q52 MS-Word में 'New Blank' डॉक्युमेंट खोलने की शॉर्टकट कुंजी निम्नलिखित में से कौन सी है?
(A) CTRL + B
(B) CTRL + N
(C) CTRL + D
(D) CTRL + M

Q53 MS-Word में, कौन सा विकल्प एक तालिका में एक सेल को कई सेल्स में विभाजित करता है?
(A) मर्ज सेल्स
(B) स्प्लिट सेल्स
(C) स्प्लिट टेबल
(D) ऑटोफ़िट

Q54 Windows 10 ऑपरेटिंग सिस्टम में 'Date and Time' कहाँ स्थित होता है?
(A) माई डॉक्यूमेंटस
(B) टास्कबार
(C) रिसाइकिल बिन
(D) माई कंप्यूटर

Q55 निम्नलिखित में से कौन एक आउटपुट डिवाइस है?
(A) वेब कैमरा
(B) स्पीकर
(C) लाइट पेन
(D) OMR

Q56 ________ एक ऐसा इनपुट डिवाइस है जिसका उपयोग कंप्युटर की स्क्रीन पर रेखाएँ या चित्र बनाने के लिए किया जाता है।
(A) कीबोर्ड
(B) लाइट पेन
(C) जॉयस्टिक
(D) स्कैनर

Q57 ____________ एक आउटपुट डिवाइस है, जो रेखाएँ खींचने के लिए पेन का उपयोग करता है।
(A) डेज़ी व्हील प्रिंटर
(B) ड्रम प्रिंटर
(C) प्लॉटर
(D) चेन प्रिंटर

Q58 निम्नलिखित में से कौन एक सॉफ्ट कॉपी आउटपुट डिवाइस है?
(A) मॉनीटर
(B) डेज़ी व्हील प्रिंटर
(C) प्लॉटर
(D) लेजर प्रिंटर

Q59 MS-Word में, निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प आपको एक तालिका में दो या अधिक सेल्स को सम्मिलित करने (कंबाइन) की सुविधा देता है?
(A) डिस्ट्रिब्यूट रोज (पंक्तियो का वितरण करें)
(B) इरेजर
(C) स्प्लिट टेबल (तालिका विभाजित करें)
(D) मर्ज सेल्स (सेलों को मर्ज करें)

Q60 MS-Word में, पेज की विषम–सामग्री की पृष्ठभूमि में आभासी पाठ (घोस्ट टेक्स्ट) सम्मिलित करने के लिए __________ का उपयोग किया जाता है।
(A) घोस्ट
(B) कमेंट
(C) वाटर–मार्क
(D) हाइपरलिंक

Q61 किताब उल–हिंद किसके द्वारा लिखी गई थी:
(A) इब्न बतूता
(B) अलबरुनी
(C) इब्न खाल्दून
(D) मुहम्मद अल–इदरीसी

Q62 'इंडस'(indus) को संस्कृत में किस नाम से जाना जाता है?

(A) अपाह
(B) अमृतम
(C) सिंधु
(D) सराह

Q63 पत्थर और ईंट से बने भवनों के अवशेषों तथा पेंटिंग और मूर्तिकला का अध्ययन करने वाले को क्या कहा जाता है:

(A) इतिहासकार
(B) पुरातत्वविद
(C) भूवैज्ञानिक
(D) जीवशास्त्री

Q64 शस्त्र अधिनियम (आर्म्स एक्ट) लार्ड लिटन द्वारा कब पारित हुआ था ?

(A) 1880 में
(B) 1878 में
(C) 1879 में
(D) 1881 में

Q65 आंध्र प्रदेश में कौन सा आंदोलन 'वंदेमातरम आंदोलन' के नाम से लोकप्रिय हुआ?

(A) स्वदेशी आंदोलन
(B) भारत छोड़ो आंदोलन
(C) सविनय अवज्ञा आंदोलन
(D) खिलाफत आंदोलन

Q66 ढाका में ऑल इंडिया मुस्लिम लीग का गठन किस वर्ष में किया गया था?

(A) 1905 में
(B) 1907 में
(C) 1908 में
(D) 1906 में

Q67 छोटी नदियाँ जब बड़ी नदियों में मिलती हैं, तो उन्हें क्या कहते हैं?

(A) डेल्टा
(B) नहरें
(C) सहायक नदियाँ
(D) जलप्रपात

Q68 भारत के किस राज्य का भौगोलिक क्षेत्रफल सर्वाधिक है?

(A) राजस्थान
(B) मध्य प्रदेश
(C) महाराष्ट्र
(D) बिहार

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q69 इनमें से कौन नवीन वलित पर्वत का उदाहरण है?
(A) सतपुड़ा
(B) हिमालय
(C) विंध्य
(D) अनाइमुडी

Q70 किस रेशे को 'सुनहरे रेशे' के रूप में जाना जाता है?
(A) कपास
(B) रेशम
(C) जूट
(D) नायलॉन

Q71 इनमें से कौन संयुक्त क्षेत्र के उद्योग का एक उदाहरण नहीं है?
(A) कोचीन रिफाइनरी
(B) रिलायंस जियो
(C) मद्रास रिफाइनरी
(D) गुजरात स्टेट फर्टिलाइजर कंपनी

Q72 भारत सरकार द्वारा मानव संसाधन विकास मंत्रालय की स्थापना किस वर्ष की गई थी?
(A) 1982 में
(B) 1981 में
(C) 1985 में
(D) 1984 में

Q73 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत का औसत जनसंख्या घनत्व कितना है:
(A) 382 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर
(B) 150 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर
(C) 458 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर
(D) 625 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर

Q74 निम्नलिखित में से किसकी आबादी कम से कम है?
(A) एशिया
(B) अफ्रीका
(C) यूरोप
(D) ऑस्ट्रेलिया

Q75 भारत में मुख्यतः कितने प्रकार के वन पाए जाते हैं?
(A) 3
(B) 5
(C) 7
(D) 8

Prepp Your Personal Exam Guide

Q76 निम्नलिखित से कौनसा एक जैव संसाधन नहीं है?
(A) कोयला
(B) पेट्रोल
(C) खनिज पदार्थ
(D) पौधे

Q77 निम्नलिखित से कौन सा एक जैव संसाधन है?
(A) रत्न
(B) पेट्रोल
(C) खनिज पदार्थ
(D) भारी धातु

Q78 शंकुधारी वनों में वृक्षों की एक महत्वपूर्ण प्रजाति इनमें से कौन सी है?
(A) तुलसी
(B) अदरक
(C) देवदार
(D) काला जीरा

Q79 निम्नलिखित दिये गये विकल्पों में से किस वर्ष पूरे भारत में, आम चुनावों के दौरान पहली बार इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का उपयोग किया गया था?
(A) 2014 में
(B) 1999 में
(C) 2004 में
(D) 2009 में

Q80 भारत में, लोकसभा में सत्ताधारी दल का नेता आमतौर पर ________ होता है।
(A) भारत का राष्ट्रपति
(B) भारत का मुख्य न्यायाधीश
(C) भारत का उपराष्ट्रपति
(D) भारत का प्रधानमंत्री

Q81 1796 में चेचक का टीका किसने खोजा?
(A) लुई पास्चर
(B) जोनास ई. साल्क
(C) एडवर्ड जेनर
(D) डेविड स्मिथ

Q82 किस जीवाणु के कारण दही बनता है?
(A) साल्मोनेला
(B) क्लोस्ट्रीडियम
(C) काउलोबैक्टर
(D) लैक्टोबैसिलस

Q83 जयप्रभा मेनन निम्नलिखित में से किस शास्त्रीय नृत्य के लिए प्रसिद्ध हैं?
(A) ओडिसी
(B) मोहिनीअट्टम
(C) कथकली
(D) कुचिपुड़ी

Q84 क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा हिंदू मंदिर कौन सा है?
(A) प्रम्बानन मंदिर
(B) प्रीह विहार मंदिर
(C) मुनेश्वरम मंदिर
(D) अंकोरवाट

Q85 इनमें से कौन तमिलनाडु के युद्धकला (मार्शल आर्ट) का स्वरूप है?
(A) सिलम्बम
(B) ताइकवानडो
(C) सरित सरक
(D) चेबी गद–गा

Q86 2019 में दक्षिण एशियाई खेलों का आयोजन किस देश में किया गया?
(A) भारत
(B) नेपाल
(C) चीन
(D) बांग्लादेश

Q87 देवेंद्र झाझड़िया का संबंध निम्नलिखित में से किस खेल से है?
(A) कबड्डी
(B) बॉक्सिंग
(C) जैविलन थ्रोअर
(D) शतरंज

Q88 निम्नलिखित में से किस देश में 2024 के ओलिंपिक का आयोजन होने वाला है?
(A) बीजिंग
(B) दक्षिण कोरिया
(C) सिडनी
(D) पेरिस

Q89 निम्नलिखित में से कौन दक्षिण एशियाई खेल 2019 का अधिकृत शुभंकर था?
(A) तिखोर
(B) कुटुंब
(C) काला हिरण (ब्लैक बक)
(D) अप्पू

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q90 सुल्तान मुहम्मद गोरी को वर्ष 1191 में किसने पराजित किया, लेकिन वर्ष 1192 में वह उससे हार गया?
(A) पृथ्वीराज तृतीय
(B) राजराज प्रथम
(C) राजेंद्र प्रथम
(D) रामनराजा द्वितीय

Q91 सोन निम्नलिखित में से किसकी सहायक नदी है?
(A) ब्रह्मपुत्र
(B) सिंधु
(C) गंगा
(D) कावेरी

Q92 निम्नलिखित में से कॉफी का सबसे बड़ा उत्पादक देश कौन सा है?
(A) भारत
(B) ब्राजील
(C) कोलंबिया
(D) चीन

Q93 "House of People" को इस नाम से भी जाना जाता है:
(A) राज्यसभा
(B) लोकसभा
(C) विधानसभा
(D) जिला परिषद

Q94 शरीर में विटामिन D के अभाव के कारण कौन सा रोग होता है:
(A) बेरीबेरी
(B) घेंघा
(C) स्कर्वी
(D) रिकेट्स (सूखा रोग)

Q95 नागालैंड के युद्ध गीत निम्नलिखित में से क्या कहलाते हैं:
(A) हेरेइलियू
(B) टिकिर
(C) सोहर
(D) खुबाकेशेई

Q96 दहेज निषेध अधिनियम, 1961 की धारा–2 के अनुसार दहेज का अर्थ क्या है ?
(A) शादी के लिए संपत्ति या बहुमूल्य प्रतिभूति देना
(B) उपहार देना
(C) विवाह में खर्च करना
(D) शादी के लिए एक पार्टी देना

Q97 दहेज का अर्थ कौनसी धारा में बताई गयी है?

(A) 2

(B) 4

(C) 6

(D) 8

Q98 दहेज निषेध अधिनियम 1984 और 1986 के अंतर्गत् दहेज लेने, देने या इसके लेन–देन मे सहयोग करना, ये दोनों किस प्रकार की श्रेणी में अंतर्भूत हैं?

(A) श्रेष्ठता

(B) प्रतिष्ठा

(C) अपराध

(D) परंपरा

Q99 आई. पी. सी. की धारा 376 जमानती अपराध या गैर जमानती अपराध है?

(A) जमानती

(B) गैर जमानती

(C) दोनों है

(D) दोनों नहीं

Q100 राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो 2015 के अनुसार कितने महिलाएँ दुष्कर्म की शिकार हुई हैं?

(A) 34 हज़ार से अधिक

(B) 66 हज़ार से अधिक

(C) 88 हज़ार से अधिक

(D) 90 हज़ार से अधिक

Q101 'पॉक्सो एक्ट' की परिभाषा के अनुसार कितने वर्ष से कम आयु का व्यक्ति नाबालिग है?

(A) 16 वर्ष से कम

(B) 17 वर्ष से कम

(C) 18 वर्ष से कम

(D) 14 वर्ष से कम

Q102 'बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम' किस वर्ष लागू हुआ?

(A) 1986 में

(B) 1987 में

(C) 1988 में

(D) 1989 में

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q103 'मानव तस्करी (रोकथाम, सुरक्षा व पुनर्वास) बिल' के तहत नोडल अधिकारी की नियुक्ति राज्य सरकार किस स्तर पर करती है?

(A) जिला स्तर

(B) राष्ट्रीय स्तर

(C) राज्य स्तर

(D) केंद्रीय स्तर

Q104 'महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम', महिलाओं की कार्यस्थल पर सुरक्षा हेतु किस वर्ष पारित हुआ?

(A) 2010 में

(B) 2011 में

(C) 2012 में

(D) 2013 में

Q105 सती रोकथाम (अधिनियम 1987) कानून, किस राज्य सरकार द्वारा लागू किया गया कानून है?

(A) पश्चिम बंगाल

(B) राजस्थान

(C) बिहार

(D) असम

Q106 निम्नलिखित में से किसने जयपुर शहर की स्थापना की थी?

(A) महाराजा सवाई राजा जय सिंह द्वितीय

(B) ईश्वर सिंह द्वितीय

(C) माधोसिंह

(D) प्रताप सिंह

Q107 किस राजपूत राजा ने ''गंधर्व बाइसी'' के नाम से विद्वानों का एक समूह बनाया था?

(A) सावई प्रताप सिंह

(B) अजित सिंह

(C) सवाई जय सिंह

(D) अमर सिंह द्वितीय

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp Your Personal Exams Guide

Q108 राजस्थान के किस स्थान से अंग्रेजी शिक्षा की सर्वप्रथम शुरूआत हुई थी?

(A) बीकानेर

(B) कोटा

(C) अजमेर

(D) उदयपुर

Q109 महाराणा प्रताप का दरबारी पंडित कौन था?

(A) रामचरण

(B) चंद्रमौलि मिश्र

(C) चंद्रधर

(D) चक्रपाणि मिश्र

Q110 महाराणा प्रताप का जन्म किस वर्ष में हुआ था?

(A) 9 मई 1542 को

(B) 9 मई 1540 को

(C) 8 मई 1541 को

(D) 1 मई 1540 को

Q111 हल्दीघाटी के युद्ध में मुगल सम्राट अकबर की सेना का नेतृत्व किसने किया था?

(A) बहलोल खान

(B) जय सिंह

(C) अमीर खान

(D) मान सिंह प्रथम

Q112 सिंधु घाटी से संबंधित निम्नलिखित में से कौन सा स्थल राजस्थान में स्थित है?

(A) कोटदिजी

(B) धोलावीरा

(C) कालीबंगा

(D) रोपन

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q113 मालवा के किस सुल्तान को राणा कुंभा ने कई बार पराजित किया था?

(A) महमूद खिलजी

(B) दिलावर खान

(C) होशंग शाह

(D) बहादुर शाह

Q114 गुहिल वंश का पहला शासक कौन था?

(A) अमर सिंह

(B) बप्पा रावल

(C) राणा हम्मीर

(D) क्षेत्र सिंह

Q115 राजस्थान का मरुस्थल किस नाम से जाना जाता है?

(A) गोबी

(B) सहारा

(C) कालाहारी

(D) थार

Q116 गतिशील (mobile) 'रेत के टीले' को राजस्थान की स्थानीय भाषा में '___' कहते हैं।

(A) ढोर

(B) रोहिड़ा

(C) खेजड़ी

(D) धरियन

Q117 राजस्थान की कौन सी नदी अर्जुन की गंगा कहलाती है?

(A) बाणगंगा

(B) माही

(C) लूनी

(D) चंबल

Q118 राजस्थान की सबसे बड़ी कृत्रिम (मानव निर्मित) झील निम्नलिखित में से कौन सी है?

(A) जयसमंद झील

(B) राजसमंद झील

(C) पिछोला झील

(D) रूप सागर झील

Prepp Your Personal Exam Guide

Q119 राजस्थान के किस भूभाग में 'लाल दोमट' मिट्टी की बहुतायत है?

(A) पूर्वी मैदान

(B) दक्षिणी राजस्थान

(C) पश्चिमी राजस्थान

(D) हाड़ौती का पठार

Q120 राजस्थान भारत का 'सरसों का राज्य' क्यों कहलाता है?

(A) क्योंकि सरसों के उत्पादन में राष्ट्रीय स्तर पर इसका प्रथम स्थान है

(B) क्योंकि सरसों की खपत में राष्ट्रीय स्तर पर इसका प्रथम स्थान है

(C) क्योंकि सरसों का फूल राजस्थान का राजकीय पुष्प है

(D) क्योंकि राजस्थान में खाना पकाने हेतु केवल सरसों के तेल का ही उपयोग किया जाता है

Q121 कौन सी पर्वत श्रेणी राजस्थान राज्य को पूर्वी राजस्थान और पश्चिमी राजस्थान में विभाजित करती है?

(A) पश्चिमी घाट श्रेणी

(B) अरावली श्रेणी

(C) विंध्याचल श्रेणी

(D) पूर्वांचल श्रेणी

Q122 किसे राजस्थान का 'मरूगंगा' के नाम से जाना जाता है?

(A) बाणगंगा

(B) इंदिरा गांधी नहर

(C) गंगनहर

(D) माही

Q123 निम्नलिखित में से कौन सी नदी चंबल की एक सहायक नदी है?

(A) लूनी

(B) बाणगंगा

(C) बनास

(D) सागी

Q124 राजस्थान का निम्नलिखित में से कौन सा जिला तांबा अयस्क के लिए प्रसिद्ध **नहीं** है?

(A) झुंझुनूं

(B) अलवर

(C) सीकर

(D) कोटा

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q125 जयपुर में मेट्रो रेल सेवा कब से प्रारंभ हुई?
(A) 2010 में
(B) 2013 में
(C) 2015 में
(D) 2018 में

Q126 निम्नलिखित विकल्पों में से राजस्थान राज्य में कौन सा राष्ट्रीय राजमार्ग सर्वाधिक व्यस्त है?
(A) NH 8
(B) NH 15
(C) NH 14
(D) NH 3 A

Q127 राजस्थान में प्रथम आधुनिक खुली (ओपनकास्ट) लिग्नाइट खदान – गिरल माइन्स किस जिले में स्थित है?
(A) बाड़मेर
(B) बीकानेर
(C) नागौर
(D) झुंझुनूं

Q128 निम्नलिखित में से राजस्थान में कौन सा विकल्प पारंपरिक कुटीर उद्योग का एक उदाहरण है?
(A) सीमेंट
(B) ईंट निर्माण
(C) पश्मीना शॉल
(D) हस्तनिर्मित कालीन

Q129 जयपुर का प्रसिद्ध हवा महल का निर्माण किसके द्वारा किया गया था?
(A) महाराजा चतुर सिंह
(B) महाराजा मान सिंह
(C) महाराजा सवाई प्रताप सिंह
(D) महाराजा प्रताप सिंह

Q130 राजस्थान राज्य में निम्नलिखित विकल्पों में से किस राष्ट्रीय राजमार्ग (NH) की लंबाई सर्वाधिक है?
(A) NH 8
(B) NH 15
(C) NH 14
(D) NH 3 A

Prepp Your Personal Exam Guide

Q131 निम्नलिखित विकल्पों में से किस शहर को राजस्थान का 'मैनचेस्टर' कहते हैं?
(A) भीलवाड़ा
(B) जयपुर
(C) जैसलमेर
(D) कोटा

Q132 2018 में राजस्थान के मुख्यमंत्री के रूप में अशोक गहलोत ने अपना _________ कार्यकाल प्रारंभ किया।
(A) प्रथम
(B) द्वितीय
(C) तृतीय
(D) चतुर्थ

Q133 लोकसभा में राजस्थान से कितने सांसद चुने जाते हैं?
(A) 25
(B) 28
(C) 33
(D) 41

Q134 राजस्थान का राज्य–पुष्प निम्नलिखित में से कौन सा है?
(A) पलास (बुटिया मोनोस्पर्मा)
(B) कचनार (बोहिनिया वैरिगेट)
(C) कमल (नेलुम्बो न्यूसिफेरा)
(D) रोहिड़ा (टेकोमेला अनडुलेट)

Q135 राजस्थान के वर्तमान मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत का निर्वाचन क्षेत्र निम्नलिखित में से कौन सा है?
(A) सरदारपुरा (जोधपुर)
(B) नोखा (बीकानेर)
(C) अनूपगढ़
(D) सूरतगढ़

Q136 ________ अंग्रेजों के अधीन राजस्थान का पुराना नाम था।
(A) राणावर
(B) मेघमल्हार
(C) जयपुर
(D) राजपूताना

Q137 राजस्थान के गठन के समय, प्रथम चरण के दौरान गठित मत्स्य संघ में ______ रियासतें शामिल थीं।
(A) 7
(B) 12
(C) 19
(D) 4

Q138 दिसंबर 2019 तक के अनुसार, भारतीय संसद के उच्च सदन (राज्यसभा) में राजस्थान का प्रतिनिधित्व कितने सदस्यों द्वारा किया जा रहा है?
(A) 40
(B) 20
(C) 10
(D) 5

Q139 राजस्थान के गठन के समय, दूसरे चरण में, संघ की राजधानी निम्नलिखित में से कौन सी थी?
(A) बीकानेर
(B) जैसलमेर
(C) कोटा
(D) उदयपुर

Q140 सूत्रधार मण्डन द्वारा निम्नलिखित में से किसकी रचना **नहीं** की गई?
(A) प्रसादमंडन
(B) व्यवहारदर्श
(C) वास्तुसार
(D) वास्तु मंजरी

Q141 राजस्थान के किस किले में इस्लामी संत मलिक शाह का मकबरा स्थित है?
(A) रणथंभौर के किले में
(B) जालोर के किले में
(C) चित्तौड़गढ़ के किले में
(D) तारागढ़ में

Q142 राजस्थान का कौन सा मंदिर, 'चूहों का मंदिर' कहलाता है?
(A) जमवाय माता मंदिर
(B) करणी माता मंदिर
(C) कैला देवी मंदिर
(D) जीण माता मंदिर

Q143 राजस्थान का कौन सा लोक नृत्य केवल महिलाओं द्वारा किया जाता है?
(A) चांग नृत्य
(B) गैर नृत्य
(C) ढोल नृत्य
(D) घूमर नृत्य

Q144 किस एजेंसी द्वारा राजस्थान सरकार के चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग को वर्ष 2019 का तम्बाकू नियंत्रण पुरस्कार प्रदान किया गया है?
(A) विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)
(B) यूनेस्का (UNESCO)
(C) यूनिसेफ (UNICEF)
(D) विश्व बैंक (World Bank)

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q145 सरकारी विभागों में सूचनाओं तक त्वरित अभिगमन के लिए, राजस्थान सरकार ने सितंबर 2019 में किस नाम से एक पोर्टल प्रारंभ किया है?

(A) जन सूचना पोर्टल

(B) जन संचार पोर्टल

(C) सूचना बुलेटिन

(D) सूचना पोर्टल

Q146 किस महाकाव्य की रचना महाकवि माघ द्वारा की गई?

(A) पृथ्वी राज रासो

(B) शिशुपाल वध

(C) कादम्बरी

(D) मेघदूतम्

Q147 किला, और उसकी अवस्थिति (location) वाले जिले का निम्न में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(A) कुंभलगढ़ – राजसमंद

(B) मेहरानगढ़ – जोधपुर

(C) जूनागढ़ – बूंदी

(D) रणथंभौर – सवाई माधोपुर

Q148 निम्नलिखित में से किस अधिनियम के अंतर्गत राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद–राजीविका (RAJEEVIKA) (RGAVP) का पंजीयन किया गया था?

(A) राजस्थान सोसायटी अधिनियम, 1958

(B) भारतीय पंजीकरण अधिनियम, 1908

(C) एनजीओ (NGO) पंजीकरण अधिनियम

(D) सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860

Q149 राजस्थान का विधान सभा कहाँ स्थित है?

(A) अल्बर्ट हॉल रोड, कोटा

(B) किशनपोल, बीकानेर

(C) आमेर, जयपुर

(D) लालकोठी, जयपुर

Q150 राजस्थान के किस शहर में प्रत्येक वर्ष विश्व प्रसिद्ध उर्स का आयोजन किया जाता है?

(A) जयपुर

(B) कोटा

(C) अजमेर

(D) जोधपुर

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Your Personal Exams Guide

| Exam | Rajasthan Police Constable Recruitment Examination 2019 |
|---|---|
| Paper | 3 |

| Q# | AnsKey | Q# | AnsKey | Q# | AnsKey | Q# | AnsKey | Q# | AnsKey |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | C | 31 | B | 61 | B | 91 | C | 121 | B |
| 2 | B | 32 | D | 62 | C | 92 | B | 122 | B |
| 3 | D | 33 | D | 63 | B | 93 | B | 123 | C |
| 4 | B | 34 | A | 64 | B | 94 | D | 124 | D |
| 5 | A | 35 | B | 65 | A | 95 | A | 125 | C |
| 6 | B | 36 | D | 66 | D | 96 | A | 126 | A |
| 7 | A | 37 | B | 67 | C | 97 | A | 127 | A |
| 8 | B | 38 | B | 68 | A | 98 | C | 128 | D |
| 9 | C | 39 | A | 69 | B | 99 | B | 129 | C |
| 10 | D | 40 | C | 70 | C | 100 | A | 130 | B |
| 11 | A | 41 | B | 71 | B | 101 | C | 131 | A |
| 12 | C | 42 | C | 72 | C | 102 | A | 132 | C |
| 13 | B | 43 | C | 73 | A | 103 | C | 133 | C |
| 14 | A | 44 | A | 74 | D | 104 | D | 134 | D |
| 15 | D | 45 | C | 75 | B | 105 | B | 135 | A |
| 16 | C | 46 | D | 76 | C | 106 | A | 136 | D |
| 17 | C | 47 | C | 77 | B | 107 | A | 137 | D |
| 18 | B | 48 | C | 78 | C | 108 | C | 138 | C |
| 19 | A | 49 | D | 79 | C | 109 | D | 139 | C |
| 20 | C | 50 | C | 80 | D | 110 | B | 140 | B |
| 21 | D | 51 | A | 81 | C | 111 | D | 141 | B |
| 22 | D | 52 | B | 82 | D | 112 | C | 142 | B |
| 23 | D | 53 | B | 83 | B | 113 | A | 143 | D |
| 24 | A | 54 | B | 84 | D | 114 | B | 144 | A |
| 25 | A | 55 | B | 85 | A | 115 | D | 145 | A |
| 26 | B | 56 | B | 86 | B | 116 | D | 146 | B |
| 27 | A | 57 | C | 87 | C | 117 | A | 147 | C |
| 28 | B | 58 | A | 88 | D | 118 | A | 148 | A |
| 29 | B | 59 | D | 89 | C | 119 | B | 149 | D |
| 30 | A | 60 | C | 90 | A | 120 | A | 150 | C |